**बरेली पुलिस**

**प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026**

**थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।**

**थाना इज्जतनगर #bareillypolice द्वारा 01 अभियुक्त को 215 ग्राम अवैध अफीम के साथ किया गया गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः**

दिनांक 17.06.2026 को चैकिंग के दौरान बग्गा ग्राउण्ड में बने खण्डर से अभियुक्त प्रदीप मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी पंचौमी थाना फरीदपुर जनपद बरेली को 215 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी इज्जतनगर के नेतृत्व में दिनांक 17.06.2026 को थाना इज्जतनगर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति / वाहन चैकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के बग्गा ग्राउण्ड में बना खण्डर से प्रदीप मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी पंचौमी थाना फरीदपुर जनपद बरेली को 215 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। इस समबन्ध मे थाना इज्जतनगर पर अभियुक्त प्रदीप मिश्रा उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 518/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

**पूछताछ -**

गिरफ्तार अभियुक्त प्रदीप मिश्रा उपरोक्त से बरामद अवैध अफीम के सम्बन्ध मे पूछताछ की गयी तो बताया कि मेरे कब्जे से जो अफीम पकड़ी गयी है, मैं इस अफीम को उत्तराखण्ड से एक चलते फिरते व्यक्ति से खऱीद कर लाया था। यहां लाकर सब्जी मण्डी के आस पास चलते फिरते ट्रक डाईवरों को बेच कर अच्छा मुनाफा कमा लेता हूँ। आज मुझे पुलिस ने पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

1. प्रदीप मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी पंचौमी थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

1 मु0अ0सं0 518/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।

**बरामदगी का विवरणः-**

215 ग्राम अवैध अफीम

**पुलिस टीम -**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सुरेश चन्द्र गौतम थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
2. उ0नि0 श्री सुनील कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
3. उ0नि0 श्री संजय कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
4. का0 3907 सौरव कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
5. रि0का0 1208 सतेन्द्र गिरि थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।